प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 31.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आज जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कार्यक्रम में भाग ले रहे है। उनके साथ उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड भी मौजूद है। मुख्यमंत्री इस आयोजन में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत लगभग 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की सौगात देंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर और टेक्सटाइल तथा अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन करेंगे। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ, निवेशकों को भू–आवंटन पत्र वितरण, राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन और राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के दिशा–निर्देश भी जारी करेंगे।

0000

इससे पहले आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। श्री शर्मा ने जनसुनवाई में आये लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

0000

ईद–उल–फितर आज पूरे देश में मनाई जा रही है। इसके साथ ही आज रमजान का महीना भी समाप्त हो रहा है। इस मौक़े पर आज ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई। राष्ट्रपति और उप–राष्ट्रपति ने ईद की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ईद–उल–फितर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाएगा। उन्होंने सभी के प्रयासों में खुशी और सफलता की कामना की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ईद–उल–फितर के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इधर राजधानी जयपुर समेत प्रदेशभर में ईद की नमाज अदा की गई। इसके लिए मस्जिदों में आकर्षक रोशनी और सजावट की गई है। ईद को लेकर बाजार भी गुलजार रहे। लोग देर रात तक ईद की खरीदारी करते हुए नजर आये। आज घर–घर में खीर और सेवईयां बनाई गई है। जोधपुर में जालोरी गेट स्थित बड़ी ईदगाह में हजारों लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक–दूसरे को बधाई दी। अजमेर में मुख्य नमाज केसरगंज ईदगाह में हुई। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की शाहजहानी मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। इस मौके पर दरगाह का जन्नती दरवाजा खोला गया, जहां जायरीन ने जियारत कर दुआएं मांगी। चूरू, डूंगरपुर और पाली में भी हर्षोल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाया जा रहा है।

00000

प्रदेशभर में आज पारम्परिक श्रद्धा भाव से गणगौर का पर्व मनाया जा रहा है। होली से शुरू हुआ ईसर गणगौर के पूजन का सिलसिला आज सम्पन्न होगा। पूजा के बाद तालाब, सरोवरों और बावड़ियों में मंगल गीतों के साथ गणगौर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। सुख और सौभाग्य से जुड़े इस लोकपर्व पर राजधानी जयपुर में आज गणगौर की पारंपरिक शाही सवारी पूरे लवाजमे के साथ त्रिपोलिया गेट से निकलेगी जो छोटी चौपड़ से होते हुए गणगौरी बाजार के बाद तालकटोरा पहुंचेगी। कल बूढ़ी गणगौर की सवारी भी लाव–लश्कर के साथ निकाली जायेगी। उधर उदयपुर में गणगौर फेस्टिवल मनाया जा रहा है। यह उत्सव तीन दिन तक चलेगा। गणगौर घाट पर ईसर–पार्वती की पूजा–अर्चना की जा रही है। शाम को घंटाघर से गणगौर घाट तक गणगौर की सवारी निकाली जाएगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जोधपुर में भी गणगौर का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। पोकरण में आज गणगौर पर्व पर मेला भर रहा है। पोकरण फोर्ट में भरे जाने वाले इस मेले में इसर–गौर की प्रतिमाए सजाई जाएगी और महिलाए

उनका पूजन करेगी। भरतपुर, बाडमेर और हनुमानगढ में भी गणगौर का पर्व पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

00000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के दूज के अवसर पर बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सुबह से ही बाबा रामदेव समाधि स्थल के प्रवेश द्वार खोल दिए गए थे। समाधि पर पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया।

00000

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के असर से सुबह–शाम हल्की ठंड का अहसास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल तक उत्तरी हवाओं का असर रहेगा और तापमान सामान्य से कम रहेगा। विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिण–पूर्वी भागों में आज से 3 अप्रैल तक बादल छाए रहने और जयपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभागों में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

0000